

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2025

Your Path to Success

# SECTION - A

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा विकास संचार में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देता है?**

**(A) सार्वजनिक सूचना**

**(B) खाद्य सुरक्षा**

**(C) बागवानी**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) खाद्य सुरक्षा

**2. सूचना को समाचार में क्या बदलता है?**

**(A) गीत**

**(B) संख्या**

**(C) समाचार मूल्य**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) समाचार मूल्य

**3. NEWS का मतलब है**

**(A) न्यू, ईस्ट (पूर्व), वॉच, स्टैंडर्ड**

**(B) न्यूज, ईगर, वॉच, स्टैंडर्ड**

**(C) उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिण**

**(D) न्यू, ईगर, वाइड, स्टैंडर्ड**

**उत्तर -** (C) उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिण

**4. निम्नलिखित में से वह कौन-सा कारक है जिसके कारण भारत में समाचार-पत्रों का विकास हुआ?**

**(A) भाषाई मीडिया में वृद्धि**

**(B) बहु-संस्करण**

**(C) विज्ञापन में उछाल**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) इनमें से सभी**

उत्तर - (D) इनमें से सभी

**5. कौन-सा रेडियो प्रारूप देश भर में विभिन्न स्टेशनों को जोड़ता है?**

**(A) इंटरनेट पर रेडियो**

**(B) पॉडकास्ट**

**(C) रेडियो ब्रिज**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर - (C) रेडियो ब्रिज

**6. किसी रेडियो स्टेशन के स्टेशन निदेशक के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**

**(A) वह रेडियो स्टेशन का/की प्रभारी है।**

**(B) वह कार्यक्रम विंग का/की प्रमुख है।**

**(C) कुछ स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक को प्रबंधक कहा जाता है।**

**(D) वह रेडियो पर कार्यक्रम प्रस्तुत करता/करती है।**

उत्तर - (D) वह रेडियो पर कार्यक्रम प्रस्तुत करता/करती है।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा डी० डी० चैनल शैक्षिक उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाता है?**

**(A) ज्ञानदर्शन**

**(B) ज्ञानवाणी**

**(C) डी० डी० स्पोर्ट्स**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर - (A) ज्ञानदर्शन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**8. टेलीविज़न सामाजिक मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण आदि के बारे में जानकारी देता है और _______ बढ़ाता है।**

**(A) जागरूकता**

**(B) मनोरंजन**

**(C) व्याकुलता**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) जागरूकता

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा राजनीतिक प्रचार के लिए जनसंपर्क प्रथाओं का हिस्सा नहीं है?**

**(A) सार्वजनिक बैठक**

**(B) पोस्टर**

**(C) होर्डिंग**

**(D) वस्तुओं और सेवाओं पर छूट**

**उत्तर -** (D) वस्तुओं और सेवाओं पर छूट

**10. निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि एक विजुअलाइज़र करता है?**

**(A) स्लोगन डिजाइनिंग**

**(B) विपणन**

**(C) मीडिया योजना**

**(D) मीडिया अनुसंधान**

**उत्तर -** (A) स्लोगन डिजाइनिंग

**11. उत्पाद जनसंपर्क में किस पद्धति का उपयोग किया जाता है?**

**(A) प्रदर्शनी**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) विंडो डिस्प्ले**

**(C) विशेष कार्यक्रमों का आयोजन**

**(D) इनमें से सभी**

**उत्तर -** (D) इनमें से सभी

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**12. पारंपरिक माध्यम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(A) पारंपरिक माध्यम ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक प्रभावी हो सकता है**

**(B) पारंपरिक माध्यम महँगा है**

**(C) इसके लिए उच्चस्तरीय तकनीकी उपकरणों की आवश्यकता होती है**

**(D) पारंपरिक माध्यम के दर्शक विषम होते हैं**

**उत्तर -** (A) पारंपरिक माध्यम ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक प्रभावी हो सकता है

**13. ऐसे स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने के लिए पारंपरिक माध्यम के किस रूप का उपयोग किया जा सकता है, जहाँ आमने-सामने संवाद आसान नहीं है?**

**(A) कठपुतली शो**

**(B) मेला**

**(C) प्रदर्शन**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) कठपुतली शो

**14. रिक्त स्थान भरिए:**

**सामाजिक जागरूकता के लिए पारंपरिक माध्यम का उपयोग करते समय, मीडिया के _______ को नहीं बदला जाना चाहिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** मूल स्वरूप / रूप

**15. 'तमाशा' नामक पारंपरिक कला किस भारतीय राज्य से संबंधित है?**

**(A) महाराष्ट्र**

**(B) केरल**

**(C) हरियाणा**

**(D) दिल्ली**

**उत्तर -** (A) महाराष्ट्र

**16. पारंपरिक माध्यम के पुनरुद्धार और अस्तित्व के लिए कौन-सी सरकारी संस्था काम करती है?**

**(A) मेटी (MeitY)**

**(B) उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग**

**(C) आव्रजन ब्यूरो**

**(D) संगीत नाटक अकादमी**

**उत्तर -** (D) संगीत नाटक अकादमी

## वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो-पत्रकारिता)

**12. एक फोटो-पत्रकार की क्या वांछनीयता है?**

**(A) सतर्कता**

**(B) कैमरे के साथ सबसे अच्छी जगह पर तैनात**

**(C) न तो (A) और न ही (B)**

**(D) (A) और (B) दोनों**

**उत्तर -** (D) (A) और (B) दोनों

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**13. लोगों की तस्वीरें लेते समय एक फोटो पत्रकार के लिए महत्त्वपूर्ण है**

**(A) लोगों का विश्वास जीतना**

**(B) एक रचनात्मक लेखक बनना**

**(C) एक गायक बनना**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) लोगों का विश्वास जीतना

**14. रिक्त स्थान भरिए:**

**'तृतीय रचना नियम' (rule of thirds) _______ का सबसे आम स्वरूप है।**

**उत्तर -** रचना / संरचना

**15. होमाई व्यारावाला कौन थे?**

**(A) भारत की पहली महिला फोटो पत्रकार**

**(B) एक लेखिका**

**(C) एक गायिका**

**(D) भारत की पहली महिला फिल्मनिर्माता**

**उत्तर -** (A) भारत की पहली महिला फोटो पत्रकार

**16. इनमें से कौन 1940 के दशक में भारत की यात्रा करने वाले फोटोग्राफर हैं?**

**(A) प्रशांत पंजियार**

**(B) सुनील जनाह**

**(C) राजा दीन दयाल**

**(D) हेनरी कार्टियर-ब्रेसन**

**उत्तर -** (D) हेनरी कार्टियर-ब्रेसन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# SECTION - B

**17. कोष्ठकों में दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:**

**'रामलीला' _______ की कहानी पूरे _______ भारत में मनाई और प्रदर्शित की जाती है।**

**(रामायण/महाभारत/जातक कथा) (उत्तर/पूर्व/पश्चिम/दक्षिण)**

**उत्तर -** रामायण, उत्तर

**18. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:**

**स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पत्रकारिता का उपयोग करने वाले समाज सुधारक कौन-कौन थे?**

**(A) राजा राममोहन राय, बाल गंगाधर तिलक**

**(B) बिपिन चंद्र पाल, तात्या टोपे**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) (A) और (B) दोनों

**19. नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:**

**महात्मा गाँधी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान _______ और _______ समाचार-पत्रों से जुड़े थे।**

**(क) 'हरिजन', 'यंग इंडिया'**

**(ख) 'हिन्दुस्तान समाचार', 'राजस्थान पत्रिका'**

**(ग) 'दैनिक जागरण', 'टाइम्स ऑफ इंडिया'**

**(घ) 'हिन्दुस्तान टाइम्स', 'पंजाब केसरी'**

**उत्तर -** (क) 'हरिजन', 'यंग इंडिया'

**20. नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:**

**_______ और _______ उपसंपादक के लिए आवश्यक उपकरण हैं।**

**(क) शब्दकोश, संदर्भ पुस्तकें**

**(ख) कंप्यूटर, आइपैड**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ग) मोबाइल, पत्रिकाएँ**

**(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (क) शब्दकोश, संदर्भ पुस्तकें

**21. सही या गलत बताइए:**

**(क) मुख्य संपादक एक समाचार पत्र संगठन में समग्र पर्यवेक्षण का ख्याल रखता है।**

**(ख) रिपोर्टर का काम सभी तथ्यों और आँकड़ों के साथ यथासंभव शीघ्रता से कहानी लिखना है।**

**उत्तर -**

**(क)** सही

**(ख)** सही

**22. कॉलम-I में दिए गए निम्नलिखित रेडियो प्रारूपों का कॉलम-II में दी गई अवधि से मिलान कीजिए:**

| **कॉलम-I** | **कॉलम-II** |
|---|---|
| **(a) रेडियो वार्ता** | **(i) 10 से 15 मिनट** |
| **(b) रेडियो चर्चा** | **(ii) 15 से 30 मिनट** |

**उत्तर -**

| | |
|---|---|
| (a) रेडियो वार्ता | (i) 10 से 15 मिनट |
| (b) रेडियो चर्चा | (ii) 15 से 30 मिनट |

**23. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्द-युग्म चुनकर रिक्त स्थान भरिए:**

**_______ और _______ प्रकृति और विज्ञान से संबंधित चैनल हैं।**

**(क) नैशनल ज्योग्राफिक, डिस्कवरी**

**(ख) ज़ी टी० वी०, स्टार प्लस**

**(ग) एम० टी० वी०, चैनल V**

**(घ) पोगो, सी० एन० एन०**

**उत्तर -** (क) नैशनल ज्योग्राफिक, डिस्कवरी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**24. सही या गलत बताइए:**

**(क) समाचारों का अनुकूलन यानी जिस तरह की खबरों में आपकी रुचि होगी, वही आपको भेजी जाएँगी।**

**(ख) न्यू मीडिया के लिए बनाई गई समाचार कहानियाँ बहुत छोटी और स्पष्ट रखी जाती हैं।**

**उत्तर -**

**(क) सही**

**(ख) सही**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**25. कॉलम-I का कॉलम-II के साथ मिलान कीजिए:**

| कॉलम-I | कॉलम-II |
|---|---|
| (a) प्रदर्शन | (i) किसानों को नए विचार आजमाने के लिए प्रोत्साहित करता है |
| (b) कठपुतली | (ii) मनोरंजन को शिक्षा के साथ जोड़ता है |
| | (iii) विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करता है |

**उत्तर -**

| | |
|---|---|
| (a) प्रदर्शन | (i) किसानों को नए विचार आजमाने के लिए प्रोत्साहित करता है |
| (b) कठपुतली | (ii) मनोरंजन को शिक्षा के साथ जोड़ता है |

**26. रिक्त स्थान भरिए:**

**विभिन्न सरकारी निकाय जैसे _______ और _______ प्रभाग जागरूकता पैदा करने के लिए पारंपरिक माध्यम का उपयोग करते हैं।**

**उत्तर -** संगीत नाटक अकादमी, फील्ड पब्लिसिटी (या संबंधित सरकारी विभाग)

**27. सही या गलत बताइए:**

**(क) स्वास्थ्य संबंधित संवेदनशील मुद्दों से निपटने के लिए पारंपरिक माध्यम बहुत उपयोगी है।**

**(ख) बाज़ार, त्योहार, अनुष्ठान, गाँव का मेला या उत्सव सभी ऐसी स्थितियाँ हैं, जहाँ पारंपरिक संचार होता है।**

**उत्तर -**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(क) सही

(ख) सही

**28. कोष्ठकों में दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए:**

**_______ मुद्दों पर संदेश देने के लिए पारंपरिक माध्यम का उपयोग करते समय उनके स्वरूप को _______ करने का जोखिम हमेशा बना रहता है।**

**(सामाजिक/भावनात्मक/बौद्धिक) (नष्ट/सृजन/विलय)**

उत्तर - सामाजिक, नष्ट

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो-पत्रकारिता)**

**25. सही या गलत बताइए:**

**(क) एक फोटो संपादक अखबार में फोटो सत्र का समग्र प्रभारी होता है।**

**(ख) एक फोटो फीचर को फोटो निबंध भी कहा जाता है।**

उत्तर -

(क) सही

(ख) सही

**26. रिक्त स्थान भरिए:**

**_______ द्वारा ली गई यात्रा तस्वीरें _______ वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन साझा की जाती हैं।**

उत्तर - फोटोग्राफरों, इंटरनेट/वेबसाइट

**27. रिक्त स्थान भरिए:**

**ग्लैमर फोटो-पत्रकार (फोटोजर्नलिस्ट) को _______ भी कहा जाता है, जो एक _______ शब्द है।**

उत्तर - पापाराज़ी, इतालवी

**28. कॉलम-I में दिए गए निम्नलिखित कैमरा कोण का मिलान कॉलम-II में दिए गए उत्पन्न प्रभाव से कीजिए:**

| कॉलम-I | कॉलम-II |
|---|---|
| (a) उच्च कोण/आँख के स्तर से ऊपर | (i) व्यक्ति/वस्तु एक जैसी ही दिखाई देती है |
| (b) निम्न कोण/आँख के स्तर से नीचे | (ii) व्यक्ति/वस्तु छोटी दिखाई देगी |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(iii) व्यक्ति/वस्तु बड़ी दिखाई देगी**

उत्तर -

(a) उच्च कोण/आँख के स्तर से ऊपर (ii) व्यक्ति/वस्तु छोटी दिखाई देगी

(b) निम्न कोण/आँख के स्तर से नीचे (iii) व्यक्ति/वस्तु बड़ी दिखाई देगी

# SECTION - C

**29. व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग का क्या अर्थ है?**

उत्तर - व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग वह है जिसमें रिपोर्टर केवल घटना की जानकारी ही नहीं देता, बल्कि उस घटना के पीछे के कारणों और उसके प्रभाव की विस्तार से व्याख्या करता है।

**30. रेडियो स्टेशन के किन्हीं दो पदाधिकारियों को उनके कार्य सहित सूचीबद्ध कीजिए।**

उत्तर - **रेडियो स्टेशन के दो पदाधिकारियों को उनके कार्य :**

1. **स्टेशन निदेशक :** यह रेडियो स्टेशन का प्रमुख होता है। यह कार्यक्रम विभाग का नेतृत्व करता है तथा सभी कार्यक्रमों की योजना, संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी निभाता है।
2. **स्टेशन अभियंता :** यह इंजीनियरिंग विभाग का प्रमुख होता है। यह प्रसारण उपकरणों का रखरखाव करता है तथा प्रसारण की तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।

**31. टेलीविजन प्रसारण में कोई दो उभरते रुझानों को सूचीबद्ध कीजिए।**

उत्तर - **टेलीविजन प्रसारण के दो उभरते रुझान :**

**1. इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीविजन (IPTV) :** इस तकनीक के माध्यम से इंटरनेट की सहायता से टेलीविजन कार्यक्रम कंप्यूटर, स्मार्ट टीवी और मोबाइल पर देखे जा सकते हैं।

**2. मोबाइल टीवी प्रसारण :** इस सुविधा से दर्शक अपने मोबाइल फोन पर कहीं भी और कभी भी टेलीविजन कार्यक्रम देख सकते हैं।

**32. स्टूडियो रिकॉर्डिंग में उपयोग किए जाने वाले किन्हीं दो प्रकार के उपकरणों और उनके कार्यों की सूची बनाइए।**

उत्तर - **स्टूडियो रिकॉर्डिंग के दो प्रमुख उपकरण एवं उनके कार्य :**

**1. कैमरा :** कैमरा वीडियो और दृश्यों को रिकॉर्ड करता है। यह कार्यक्रम की स्पष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण तस्वीरें कैद करने का कार्य करता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. माइक्रोफोन :** माइक्रोफोन कलाकारों या प्रस्तोता की आवाज़ को स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड करता है, जिससे अच्छी ध्वनि गुणवत्ता प्राप्त होती है।

**33. किसी विज्ञापन एजेंसी में क्रिएटिव विभाग के अंतर्गत काम करने वाली किन्हीं दो इकाइयों के नाम बताइए।**

**उत्तर - क्रिएटिव विभाग की दो प्रमुख इकाइयाँ :**

**1. कॉपीराइटर :** कॉपीराइटर विज्ञापन के लिए आकर्षक नारे, टैगलाइन, जिंगल तथा विज्ञापन की लिखित सामग्री तैयार करता है।

**2. विजुअलाइज़र :** विजुअलाइज़र विज्ञापन के चित्र, ग्राफिक्स और डिज़ाइन तैयार करता है, जिससे विज्ञापन अधिक प्रभावशाली और आकर्षक बनता है।

**34. न्यू मीडिया प्लेटफॉर्म के कोई दो उदाहरण बताइए जहाँ लोग एक दूसरे से जुड़ सकते हैं और बातचीत कर सकते हैं।**

**उत्तर - न्यू मीडिया प्लेटफॉर्म के दो प्रमुख उदाहरण :**

**1. सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटें :** इनके माध्यम से लोग नए मित्र बना सकते हैं, विचार साझा कर सकते हैं तथा एक-दूसरे से ऑनलाइन बातचीत कर सकते हैं।

**2. ब्लॉग :** ब्लॉग पर लोग अपने विचार, अनुभव और जानकारी प्रकाशित करते हैं। पाठक उन पर टिप्पणी करके चर्चा और संवाद भी कर सकते हैं।

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**35. (क) विकास उद्देश्यों के लिए पारंपरिक माध्यम को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ एकीकृत करते समय क्या किया जाना चाहिए? विचार के कोई दो बिंदु लिखिए।**

**उत्तर - विकास उद्देश्यों के लिए पारंपरिक माध्यम और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के एकीकरण के दो बिंदु :**

**1. स्थानीय संस्कृति और भाषा का ध्यान रखना :** पारंपरिक माध्यमों को स्थानीय भाषा, संस्कृति और रीति-रिवाजों के अनुसार प्रस्तुत करना चाहिए। इससे लोगों को संदेश आसानी से समझ में आता है और वे उसे अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

**2. दोनों माध्यमों का समन्वित उपयोग करना :** रेडियो, टेलीविजन और इंटरनेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के साथ नुक्कड़ नाटक, कठपुतली, लोकगीत आदि पारंपरिक माध्यमों का संयुक्त उपयोग करना चाहिए, ताकि विकास संबंधी संदेश अधिक लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुँच सके।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(ख) समाज में पारंपरिक माध्यम के किन्हीं दो उपयोगों की पहचान कीजिए। उपयुक्त उदाहरण भी दीजिए।**

**उत्तर - समाज में पारंपरिक माध्यम के दो उपयोग :**

**1. जन-जागरूकता फैलाना :** पारंपरिक माध्यमों के द्वारा स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाता है। उदाहरण: स्वच्छता अभियान के लिए नुक्कड़ नाटक।

**2. मनोरंजन एवं सांस्कृतिक संरक्षण :** लोकगीत, रामलीला, कठपुतली और लोकनृत्य लोगों का मनोरंजन करते हैं तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखते हैं। उदाहरण: रामलीला का मंचन।

## वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो-पत्रकारिता)

**35. (क) फोटो-पत्रकारिता में 'हेरफेर' को अनैतिक क्यों माना जाता है?**

**उत्तर -** फोटो-पत्रकारिता का उद्देश्य वास्तविक घटनाओं को सत्य रूप में प्रस्तुत करना है। यदि फोटो में किसी प्रकार का बदलाव या हेरफेर किया जाता है, तो वह वास्तविकता को बदल देता है। इससे जनता भ्रमित होती है, समाचार की विश्वसनीयता घटती है और पत्रकारिता की नैतिकता का उल्लंघन होता है। इसलिए फोटो में हेरफेर करना अनैतिक माना जाता है।

**अथवा**

**(ख) फोटो-पत्रकार के किन्हीं दो गुणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - एक अच्छे फोटो-पत्रकार के दो गुण :**

**1. सतर्कता एवं सही समय की पहचान :** फोटो-पत्रकार को सही समय पर महत्वपूर्ण घटनाओं की तस्वीर लेने में सक्षम होना चाहिए।

**2. ईमानदारी एवं निष्पक्षता :** उसे बिना किसी हेरफेर के वास्तविक घटनाओं की तस्वीरें प्रस्तुत करनी चाहिए, ताकि समाचार की सत्यता बनी रहे।

**36. रिपोर्टिंग की नैतिकता के तहत किस प्रकार के समाचारों को रिपोर्टिंग से बचना चाहिए?**

**उत्तर - रिपोर्टिंग की नैतिकता के तहत निम्न प्रकार के समाचारों को रिपोर्टिंग से बचना चाहिए :**

**1. गलत समाचार :** बिना सत्यापन के किसी भी समाचार का प्रकाशन या प्रसारण नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे लोगों को गलत जानकारी मिल सकती है।

**2. हिंसा भड़काने वाले समाचार :** ऐसे समाचारों से बचना चाहिए जो लोगों को हिंसा, अपराध या अशांति के लिए उकसाते हों।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**3. अश्लील एवं अभद्र सामग्री :** ऐसी खबरें या सामग्री प्रकाशित नहीं करनी चाहिए जो अश्लील, अभद्र या समाज की नैतिकता के विरुद्ध हो।

**3. अश्लील एवं अभद्र सामग्री :** ऐसी खबरें या सामग्री प्रकाशित नहीं करनी चाहिए जो अश्लील, अभद्र या समाज की नैतिकता के विरुद्ध हो।

**37. (क) रेडियो वृत्तचित्रों (डॉक्यूमेंट्री) और रेडियो नाटकों को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर -** रेडियो वृत्तचित्रों (डॉक्यूमेंट्री) और रेडियो नाटकों का उदाहरण -

**1. रेडियो वृत्तचित्र :** रेडियो वृत्तचित्र वास्तविक घटनाओं, व्यक्तियों या सामाजिक विषयों पर आधारित तथ्यात्मक कार्यक्रम होता है। इसका उद्देश्य जानकारी देना और जागरूकता फैलाना होता है। उदाहरण: स्वच्छ भारत अभियान पर रेडियो वृत्तचित्र।

**2. रेडियो नाटक (Radio Drama) :** रेडियो नाटक ध्वनि, संगीत और संवादों के माध्यम से प्रस्तुत की जाने वाली नाटकीय कहानी होती है। इसका उद्देश्य मनोरंजन के साथ संदेश देना होता है। उदाहरण: सामाजिक विषय पर प्रसारित रेडियो नाटक।

**अथवा**

**(ख) रेडियो प्रसारण की किन्हीं तीन सीमाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - रेडियो प्रसारण की तीन सीमाएँ :**

**1. केवल ध्वनि माध्यम :** रेडियो में केवल आवाज़ सुनाई देती है, चित्र नहीं दिखते। इसलिए कई विषयों को पूरी तरह समझाना कठिन हो जाता है।

**2. पुनः सुनना कठिन :** यदि श्रोता कोई जानकारी सुनने से चूक जाए, तो उसे उसी समय दोबारा नहीं सुन सकता। इससे महत्वपूर्ण जानकारी छूट सकती है।

**3. सीमित प्रभाव :** रेडियो का प्रभाव केवल सुनने पर निर्भर करता है। शोर, खराब सिग्नल या ध्यान न होने पर संदेश स्पष्ट रूप से सभी श्रोताओं तक नहीं पहुँच पाता।

**38. सामुदायिक रेडियो और उसके संचालन का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** सामुदायिक रेडियो वह रेडियो सेवा है, जिसका संचालन किसी स्थानीय समुदाय, शैक्षणिक संस्था या सामाजिक संगठन द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों की समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास से जुड़े विषयों की जानकारी देना होता है। इसमें स्थानीय भाषा और संस्कृति को विशेष महत्व दिया जाता है।

**उदाहरण :** किसी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के लिए खेती, मौसम और नई तकनीकों पर कार्यक्रम प्रसारित करना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**39. तीन विज्ञापन सिद्धांतों को सूचीबद्ध कीजिए और उदाहरणों के साथ उनका संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** विज्ञापन के तीन प्रमुख सिद्धांत और उदाहरण :

**1. उपभोक्ता की आवश्यकता को समझना :** एक अच्छा विज्ञापन उपभोक्ता की आवश्यकताओं, इच्छाओं और भावनाओं को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। इससे उपभोक्ता उत्पाद से स्वयं को जुड़ा हुआ महसूस करता है। **उदाहरण :** सर्दियों में त्वचा की देखभाल के लिए मॉइस्चराइज़र का विज्ञापन।

**2. ध्यान आकर्षित करना :** विज्ञापन ऐसा होना चाहिए जो रंग, चित्र, आकर्षक शीर्षक, नारा (स्लोगन) या जिंगल के माध्यम से लोगों का ध्यान तुरंत आकर्षित करे। **उदाहरण :** किसी शीतल पेय का रंगीन टीवी विज्ञापन या यादगार जिंगल।

**3. खरीदने की इच्छा उत्पन्न करना :** विज्ञापन का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उपभोक्ता में उत्पाद खरीदने की इच्छा और विश्वास पैदा करना भी होता है। इसके लिए उत्पाद के लाभ और गुणवत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। उदाहरण : "आज ही खरीदें और 20% छूट पाएँ" या "सीमित समय का ऑफर।"

**40. प्रासंगिक उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए कि न्यू मीडिया युवाओं के लिए किस प्रकार लाभदायक है।**

**उत्तर - युवाओं के लिए न्यू मीडिया के लाभ :**

**1. शिक्षा में सहायता :** युवा ऑनलाइन कक्षाओं, ई-पुस्तकों और शैक्षिक वीडियो से नई जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**2. जानकारी का आदान-प्रदान :** न्यू मीडिया के माध्यम से युवा अपने विचार साझा कर सकते हैं तथा दुनिया भर के लोगों से जुड़ सकते हैं।

**3. रोजगार के अवसर :** युवा ऑनलाइन नौकरी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। उदाहरण : कोई विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई करके प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है।

**41. (क) वेबसाइट से क्या तात्पर्य है? वेबसाइट की किन्हीं दो विशेषताओं के विषय में बताइए।**

**उत्तर -** वेबसाइट इंटरनेट पर उपलब्ध वेब पृष्ठों का एक समूह होती है, जिसे किसी विशेष डोमेन नाम के माध्यम से देखा जाता है।वेबसाइट पर किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी या विषय से संबंधित जानकारी उपलब्ध होती है।

**वेबसाइट की दो विशेषता :**

**1. जानकारी का संग्रह :** वेबसाइट पर किसी विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी, चित्र, वीडियो और अन्य सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होती है।

**2. विश्वव्यापी पहुँच :** इंटरनेट की सहायता से वेबसाइट को दुनिया के किसी भी स्थान और किसी भी समय आसानी से देखा जा सकता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ख) पारस्परिक संबंधों पर न्यू मीडिया के प्रभाव का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - पारस्परिक संबंधों पर न्यू मीडिया के प्रभाव :**

**1. संचार में सुविधा :** न्यू मीडिया ने लोगों के बीच संपर्क को तेज और आसान बना दिया है।

**2. संबंधों में निकटता :** दूर रहने वाले परिवार और मित्र भी वीडियो कॉल, चैट और सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़े रहते हैं।

**3. विचारों का आदान-प्रदान :**लोग अपने विचार, अनुभव और जानकारी तुरंत साझा कर सकते हैं।

**4. समय का दुरुपयोग :** सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से पारिवारिक और सामाजिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए न्यू मीडिया का संतुलित उपयोग करना चाहिए।

**42. काल्पनिक और अकाल्पनिक टेलीविजन कार्यक्रम के प्रारूपों में, प्रत्येक श्रेणी के उदाहरण के साथ अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - काल्पनिक और अकाल्पनिक टेलीविजन कार्यक्रमों में अंतर :**

| काल्पनिक कार्यक्रम | अकाल्पनिक कार्यक्रम |
|---|---|
| 1. यह कल्पना या कहानी पर आधारित होते हैं। | यह वास्तविक घटनाओं और तथ्यों पर आधारित होते हैं। |
| 2. इनका मुख्य उद्देश्य मनोरंजन करना होता है। | इनका मुख्य उद्देश्य सूचना, शिक्षा और जागरूकता फैलाना होता है। |
| 3. इनमें कलाकार अभिनय करते हैं। | इनमें वास्तविक व्यक्ति, घटनाएँ और स्थान दिखाए जाते हैं। |
| **3.** उदाहरण : धारावाहिक, कॉमेडी शो, पौराणिक नाटक। | उदाहरण : समाचार, वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री), साक्षात्कार। |

**43. (क) किन्हीं दो सरकारी मीडिया इकाइयों के कार्यों का वर्णन कीजिए, जो जनता तक उनकी नीतियों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने में सहायता करती हैं।**

**उत्तर - दो सरकारी मीडिया इकाइयाँ एवं उनके कार्य :**

**1. प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) :** यह सरकार की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी समाचार पत्रों, टीवी, रेडियो तथा डिजिटल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुँचाता है। यह प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी करता है और मीडिया को सही एवं प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. प्रकाशन प्रभाग (Publication Division) :** यह सरकार की नीतियों, राष्ट्रीय महत्व के विषयों तथा शिक्षा, संस्कृति और विकास से संबंधित पुस्तकें, पत्रिकाएँ और अन्य प्रकाशन तैयार करके जनता तक पहुँचाता है।


**अथवा**

**(ख) विज्ञापन और जनसंपर्क में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - विज्ञापन और जनसंपर्क में अंतर :**

| विज्ञापन (Advertising) | जनसंपर्क (Public Relations) |
|---|---|
| इसका उद्देश्य किसी उत्पाद या सेवा का प्रचार करना होता है। | इसका उद्देश्य संस्था की अच्छी छवि बनाना और जनता से अच्छे संबंध स्थापित करना होता है। |
| विज्ञापन के लिए मीडिया को भुगतान किया जाता है। | जनसंपर्क मुख्यतः संवाद, विश्वास और सूचना पर आधारित होता है। |
| यह बिक्री बढ़ाने पर केंद्रित होता है। | यह संस्था और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने पर केंद्रित होता है। |
| **उदाहरण :** किसी साबुन या मोबाइल का टीवी विज्ञापन। | **उदाहरण :** किसी सरकारी विभाग द्वारा नई योजना की जानकारी देने के लिए प्रेस सम्मेलन आयोजित करना। |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2025
Your Path to Success

# SECTION -A

**1. टेलिविजन कार्यक्रमों में किसी व्यक्ति या समूह की बनाई गई अतिसरलीकृत, मानकीकृत छवि को कहा जाता है:**

**(A) स्टीरियोटाइप**

**(B) काउच पोटैटो**

**(C) दोनों (A) और (B)**

**(D) (A) और (B) में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) स्टीरियोटाइप आवाहन

**2. विज्ञापन किसी पहचाने गए प्रायोजक द्वारा विचारों, वस्तुओं और सेवाओं की गैर-व्यक्तिगत प्रस्तुति का निम्नलिखित में से कौन-सा रूप है:**

**(A) भुगतान किया गया**

**(B) भुगतान न किया गया**

**(C) प्रचार**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) भुगतान किया गया

**3. ऐसा व्यक्ति कौन है जो लोगों के लिए स्वतंत्र रूप से कार्य करता है तथा किसी संगठन का स्थायी कर्मचारी नहीं होता?**

**(A) कॉपीराइटर**

**(B) प्रोडक्शन इंचार्ज**

**(C) फ्रीलांसर**

**(D) मार्केट रिसर्चर**

**उत्तर -** (C) फ्रीलांसर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**4. एक कंपनी में कर्मचारी संपर्क का निम्न में से कौन-सा उद्देश्य है?**

**(A) कर्मचारियों का सद्भाव प्राप्त करना।**

**(B) कर्मचारियों को सामान बेच सकें।**

**(C) कर्मचारियों की सेवाएँ प्राप्त करना।**

**(D) राजनीतिक संपर्क बनाना।**

**उत्तर -** (A) कर्मचारियों का सद्भाव प्राप्त करना।

**5. प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ और भूकंप आदि के मामले में सहायतार्थ कोष जुटाना, विभिन्न संगठनों द्वारा संचालित जनसंपर्क के तहत निम्नलिखित में से किस विंग का हिस्सा है?**

**(A) समुदाय संपर्क**

**(B) राजनीतिक संपर्क**

**(C) मीडिया संपर्क**

**(D) कर्मचारी संपर्क**

**उत्तर -** (A) समुदाय संपर्क

**6. न्यू मीडिया की प्रौद्योगिकी की वृद्धि के साथ किन व्यवसायों का उत्कर्ष हुआ?**

**(A) लघु मध्यम उद्योग**

**(B) बड़े उद्योग**

**(C) कॉर्पोरेट**

**(D) विनिर्माण उद्योग**

**उत्तर -** (A) लघु मध्यम उद्योग



**All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/**

**7. नई पत्रकारिता में युवा दर्शकों को आकर्षित और संलग्न रखने के लिए कौन-सी लेखन शैली का प्रयोग किया जाता है?**

**(A) कथा शैली**

**(B) संगीत शैली**

**(C) वीडियो**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) कथा शैली

**8. _______ वेबसाइट जीवनशैली, स्वास्थ्य आदि खास सामग्री को पूरा करती है।**

**(A) विशिष्ट**

**(B) जन विपणन**

**(C) प्रसिद्ध**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) विशिष्ट

**वैकल्पिक मॉड्यूल - A (पारंपरिक माध्यम)**

**9. आम आदमी तक पहुँचने के लिए संचार की आवश्यक विशेषता क्या है?**

**(A) वह भाषा संबंधी बाधाओं से मुक्त हो।**

**(B) वह लिखित रूप में हो।**

**(C) इसे चित्रात्मक रूप में दिखाया जाए।**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) वह भाषा संबंधी बाधाओं से मुक्त हो।

**10. निम्न में क्या पारंपरिक माध्यम के विषय में सही नहीं है?**

**(A) पारंपरिक माध्यम विज्ञापन मुक्त है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) परम्परागत माध्यम परिष्कृत इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों पर आधारित है।**

**(C) पारंपरिक माध्यम 'आमने-सामने की स्थिति' पैदा करता है।**

**(D) मनोरंजन पारंपरिक माध्यम का हमेशा से एक भाग रहा है।**

**उत्तर -** (B) परम्परागत माध्यम परिष्कृत इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों पर आधारित है।

**11. पारंपरिक माध्यम के किस प्रकार में गाने, नाटक और संगीत जैसी प्रदर्शन कलाओं का मिश्रण मिलता है?**

**(A) नुक्कड नाटक**

**(B) बैलाड**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) (A) और (B) में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) (A) और (B) दोनों

**12. पारंपरिक मीडिया कलाकारों द्वारा अपनी रचनात्मक कला को छोड़ने का क्या कारण है?**

**(A) उन्हें पारंपरिक कला पसंद नहीं है।**

**(B) आर्थिक सहायता की कमी होने के कारण**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) आर्थिक सहायता की कमी होने के कारण

**13. निम्नलिखित में से कौन-सी पारंपरिक मीडिया में पाई जाने वाली प्राथमिक अपील है?**

**(A) बौद्धिक**

**(B) भावनात्मक**

**(C) तर्कसंगत**

**(D) तार्किक**

**उत्तर -** (B) भावनात्मक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**14. पारंपरिक माध्यम व्यक्ति की अपनी संस्कृति और _______ में निहित होता है।**

उत्तर - समुदाय / परंपराओं

**15. पारंपरिक मीडिया के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**

**(A) इसे किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है।**

**(B) भारतीय शास्त्रीय संगीत पारंपरिक माध्यम का एक प्रकार है।**

**(C) यह मूलतः स्थानीय और लाइव माध्यम है।**

**(D) पारंपरिक मीडिया लागत प्रभावी है।**

उत्तर - (C) यह मूलतः स्थानीय और लाइव माध्यम है।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी पारंपरिक मीडिया की आवश्यकता है?**

**(A) बिजली**

**(B) तकनीकी अवसंरचना**

**(C) स्थानीय भाषा**

**(D) साक्षरता**

उत्तर - (C) स्थानीय भाषा

**वैकल्पिक मॉड्यूल - B (फोटो-पत्रकारिता)**

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक भारत में फोटो पत्रकारिता के विकास का कारण था?**

**(A) छोटे कैमरे का आगमन**

**(B) स्वतन्त्रता आंदोलन के इर्द-गिर्द राजनीतिक विकास**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) (A) और (B) में से कोई नहीं**

उत्तर - (C) (A) और (B) दोनों

**10. कैमरा एंगल के विषय में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**

**(A) कैमरा एंगल संयोजन को प्रभावित करता है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) यदि कैमरे को व्यक्ति की दृष्टि रेखा से ऊपर रखा जाएगा तो वह बड़ा नज़र आएगा।**

**(C) यदि कैमरे को व्यक्ति की दृष्टि रेखा से नीचे रखा जाएगा तो वह छोटा दिखाई देगा।**

**(D) कैमरा एंगल संयोजन को प्रभावित नहीं करता।**

**उत्तर -** (A) कैमरा एंगल संयोजन को प्रभावित करता है।

**11. फोटो निबंध से क्या तात्पर्य है?**

**(A) एक निबंध जिसमें एक फोटोग्राफ का प्रयोग होता है।**

**(B) अनेक चित्रों का प्रयोग करके किसी एक विषय पर कहानी सुनाना।**

**(C) एक निबंध जो निबंध लेखक की प्रोफाइल फोटो का प्रयोग करता है।**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) अनेक चित्रों का प्रयोग करके किसी एक विषय पर कहानी सुनाना।

**12. फोटो पत्रकारिता से क्या तात्पर्य है?**

**(A) समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लिखित समाचारों के समर्थन के लिए फोटोग्राफों का उपयोग।**

**(B) मोबाइल फोन पर ली गई फोटो।**

**(C) सोशल मीडिया पर प्रदर्शित तस्वीरें।**

**(D) प्रदर्शनियों में फोटोग्राफों का उपयोग।**

**उत्तर -** (A) समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लिखित समाचारों के समर्थन के लिए फोटोग्राफों का उपयोग।

**13. चित्र फ्रेम के भीतर विषय की स्थिति कहलाती है:**

**(A) संयोजन**

**(B) लैंस**

**(C) फोटो पत्रकारिता**

**(D) कैमरा एंगल**

**उत्तर -** (A) संयोजन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**14. यात्रा फोटो पत्रकारिता में किसी क्षेत्र के निवासी, संस्कृति, परम्पराओं और इतिहास का _______ तैयार किया जाता है।**

**उत्तर -** दस्तावेज

**15. फोटो पत्रकारों की पूर्वतैयारी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

**(A) एक फोटो पत्रकार को तेज़ी से कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए।**

**(B) एक फोटो पत्रकार का अपना कैमरा हमेशा उसके हाथ में होना चाहिए।**

**(C) एक फोटो पत्रकार को हमेशा उस जगह पर पहुँचना चाहिए जहाँ कोई घटना घटती है।**

**(D) एक फोटो पत्रकार को ऐसी फोटो लेने की कोशिश करनी चाहिए जो घटना का भाव व्यक्त कर सके।**

**उत्तर -** (C) एक फोटो पत्रकार को हमेशा उस जगह पर पहुँचना चाहिए जहाँ कोई घटना घटती है।

**16. निम्नलिखित में से किसे फोटो पत्रकारों के लिए नैतिक मापदंड माना जाता है?**

**(A) सत्यता**

**(B) हेरफेर**

**(C) मंचन**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) सत्यता

# SECTION - B

**नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:**

**17. _______ और _______ विकास के मूलभूत क्षेत्र हैं जिनमें विशेषज्ञों को ग्रामीण समुदायों को शिक्षित करने के लिए मीडिया का उपयोग करना चाहिए।"**

**(A) कृषि, स्वास्थ्य**

**(B) पर्यटन, परिवहन**

**(C) जीवनशैली, व्यापार**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) कृषि, स्वास्थ्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**18. दिए गए युग्मों में से कौन-से गुण एक प्रभावी पत्रकार बनने के लिए आवश्यक है?**

**(i) स्पष्टता, ईमानदारी**

**(ii) दोस्ताना, आलसी**

**(iii) बातूनी, दोस्ती**

**(A) सिर्फ (i) सही है** **(B) सिर्फ (ii) सही है**

**(C) दोनों (i) और (ii) सही हैं** **(D) सभी (i), (ii) और (iii) सही हैं**

**उत्तर -** (A) सिर्फ (i) सही है

**19. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:**

**_______ और _______ वे स्रोत हैं जिनके माध्यम से पत्रकार समाचार एकत्र करते हैं।"**

**(A) पुलिस, प्रेस सम्मेलन**

**(B) टी.वी. चैनल, रेडियो**

**(C) समाचार पत्र, पत्रिका**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**20. रिक्त स्थान भरिए :**

**"समाचार पत्र का पृष्ठ तैयार करना _______ कहलाता है। पहले उपसंपादक यह काम _______ पर करते थे।"**

**उत्तर -** 'पेज मेकिंग, 'डमी पृष्ठों'

**21. सही / गलत बताइए:**

**(i) हिन्दुस्तानी भारत के शास्त्रीय संगीत का एक प्रकार है।**

**(ii) कर्नाटक संगीत का प्रयोग अधिकतर बॉलीवूड फिल्मों में किया जाता है।**

**उत्तर -**

(i) **सही** (हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का प्रकार है)

(ii) **गलत** (कर्नाटक संगीत मुख्य रूप से दक्षिण भारत में प्रसिद्ध है)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**22. विकल्प - A में दिए गए शब्दों का विकल्प B में दिए गए स्पष्टीकरण से मिलान करें:**

| **(A)** | **(B)** |
|---|---|
| **(i) ट्रांसमीटर** | **(a) जहाँ से प्रस्तुतकर्ता घोषणाएँ करता है** |
| **(ii) स्टूडियो** | **(b) जिसके माध्यम से हमें अपने सेट पर रेडियो प्रसारण प्राप्त होता है।** |

**उत्तर -**

| (A) | (B) |
|---|---|
| (i) ट्रांसमीटर | (b) जिसके माध्यम से हमें अपने सेट पर रेडियो प्रसारण प्राप्त होता है। |
| (ii) स्टूडियो | (a) जहाँ से प्रस्तुतकर्ता घोषणाएँ करता है |

**23. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्द युग्म चुनकर रिक्त स्थान भरिए:**

**"एस.आई.टी.ई. (SITE) के तहत प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों में _______ और स्वास्थ्य के विषय शामिल थे।"**

**(A) कृषि, परिवार नियोजन**

**(B) संगीत, जीवनशैली**

**(C) यात्रा, संगीत**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) कृषि, परिवार नियोजन

**24. सही / गलत बताइए:**

**(i) किसी भी वस्तु या व्यक्ति पर फोकस करके टेलीविजन प्रोडक्शन में घटना के सामान्य मूड को स्थापित करता है।**

**(ii) प्रोडक्शन असिस्टेन्ट, टेलीविजन प्रोडक्शन के सुचारू निष्पादन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करता है।**

**उत्तर -**

(i) **सही** (टेलीविजन प्रोडक्शन में लाइट का उपयोग मूड स्थापित करने के लिए होता है)

(ii) **सही** (प्रोडक्शन असिस्टेंट सुचारू संचालन में मदद करता है)

**25. मिलान कीजिए:**

| **(A)** | **(B)** |
|---|---|
| **(i) क्रिएटिव डायरेक्टर** | **(a) विज्ञापनों के उत्पादन का पर्यवेक्षण करता है** |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ii) कॉपीराइटर** **(b) विज्ञापन के शब्दांकन का निर्माण करता है**

**(c) विज्ञापन के लिए छवियाँ बनाता है।**

**उत्तर -**

(i) क्रिएटिव डायरेक्टर - (a) विज्ञापनों के उत्पादन का पर्यवेक्षण करता है

(ii) कॉपीराइटर - (b) विज्ञापन के शब्दांकन का निर्माण करता है

**26. रिक्त स्थान भरिए:**

**"नए (न्यू) मीडिया के लिए कहानियों को _______ के साथ कई _______ में विभाजित करके एक पैकेज बनाया जाता है।"**

**(A) कहानियों, मल्टीमीडिया**

**(B) पृष्ठों, रंग**

**(C) टेबल, नम्बरों**

**(D) पृष्ठों, नम्बरों**

**उत्तर -** (D) पृष्ठों, नम्बरों

**(वैकल्पिक मॉड्यूल A)**

**27. सही / गलत बताइए:**

**(i) प्रदर्शन, कक्षा के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने, शिक्षण संस्थानों में शिक्षण और सीखने के लिए उपयोगी उपकरण है।**

**(ii) कठपुतली कला मनोरंजन और शिक्षा का संयोजन कर सामाजिक मुद्दों पर जागरुकता का संचार करती है।**

**उत्तर -**

(i) **सही**

(ii) **सही**

**28. कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से सही शब्दों से रिक्त स्थान भरो:**

**"गाथागीत एक _______ है जिसे आमतौर पर संगीत के साथ गाया जाता है और अक्सर इसे एक _______ के रूप में सुनाया जाता है।"**

**(विकल्प - कहानी/निबंध/कविता/गीत)**

**उत्तर -** कविता

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(वैकल्पिक मॉड्यूल B)**

**27. रिक्त स्थान भरिए:**

**(i) फोटोग्राफी अपनी खोज़ के लगभग _______ सालों के भीतर ही भारत पहुँच गई।**

**(ii) जब 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हुआ तो वह विश्व की पहली _______ घटनाओं में से एक थी।**

**उत्तर -**

(i) 2 से 3

(ii) ऐतिहासिक

**28. मिलान कीजिए:**

| (A) | (B) |
| --- | --- |
| (i) राजा दीनदयाल | (a) हैदराबाद के छठें निज़ाम के शासनकाल के दौरान एक दरबारी फोटोग्राफर |
| (ii) रघु राय | (b) 1960 के दशक में दिल्ली में एक फोटो पत्रकार |

**उत्तर -**

| | |
| --- | --- |
| (i) राजा दीनदयाल | (a) हैदराबाद के छठें निज़ाम के शासनकाल के दौरान एक दरबारी फोटोग्राफर |
| (ii) रघु राय | (b) 1960 के दशक में दिल्ली में एक फोटो पत्रकार |

# SECTION - C

**29. हमारे स्वतन्त्रता आंदोलन के दौरान ब्रिटिश शासन से लड़ने के लिए पत्रकारिता का उपयोग करने वाले किन्हीं दो समाज सुधारकों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर -**

1. राजा राममोहन राय, जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज़ उठाई।

2. महात्मा गांधी, जिन्होंने 'यंग इंडिया' और 'हरिजन' के माध्यम से स्वतंत्रता के लिए जनमत तैयार किया।

**30. हार्ड न्यूज़ और सॉफ्ट न्यूज़ के बीच उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - **हार्ड न्यूज़ और सॉफ्ट न्यूज़ के बीच सहित अंतर :**

- **हार्ड न्यूज़** गंभीर और तत्काल महत्व की खबरें हैं, जैसे 'ट्रेन दुर्घटना में 34 लोगों की मौत'।
- **सॉफ्ट न्यूज़** हल्की और रोचक खबरें होती हैं, जैसे 'महात्मा गांधी के भाषण की दुर्लभ रिकॉर्डिंग का मिलना'।

**31. रेडियो कार्यक्रम के प्रारूप के किसी भी दो घटकों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर - **रेडियो कार्यक्रम के प्रारूप के दो घटक :**

- **उच्चारित शब्द :** उद्घोषक या वक्ता की स्पष्ट आवाज़ और संवाद।
- **ध्वनि प्रभाव :** बारिश, गाड़ी या माहौल की ध्वनि जो श्रोता के मन में दृश्य बनाती है।

**32. हमारे दैनिक जीवन में टेलीविजन के किन्हीं दो सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर - **हमारे दैनिक जीवन में टेलीविजन के दो सकारात्मक प्रभाव :**

1. **शिक्षा :** यह ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के माध्यम से सीखने का साधन है।
2. **जागरूकता :** यह स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर जनता को जागरूक करता है।

**33. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के कार्य प्रोफाइल का संक्षेप में वर्णन कीजिए:**

**(a) कला निदेशक**

**(b) वस्त्र सज्जाकार**

**(c) प्रॉपर्टी मैनेजर**

उत्तर -

**(a) कला निदेशक :** कला निदेशक कार्यक्रम के सेट, सजावट और दृश्य तैयार करता है। यह शूटिंग की जगह चुनता है और कार्यक्रम के लिए आवश्यक ग्राफिक्स व डिजाइन बनवाता है।

**(b) वस्त्र सज्जाकार :** इनका कार्य कार्यक्रम के पात्रों के लिए उनके चरित्र, कहानी की पृष्ठभूमि और दृश्य के अनुसार वेशभूषा डिजाइन करना होता है। कभी-कभी ये वेशभूषा का निर्माण भी स्वयं करते हैं, ताकि कलाकार स्क्रीन पर अपने रोल के अनुसार बिल्कुल सटीक दिखें।

**(c) प्रॉपर्टी मैनेजर :** इनका मुख्य कार्य शूटिंग के दौरान इस्तेमाल होने वाली विभिन्न वस्तुओं (props) का रखरखाव और प्रबंधन करना होता है। ये सुनिश्चित करते हैं कि दृश्य की मांग के अनुसार सभी आवश्यक सामग्रियां शूटिंग के समय सही स्थिति में उपलब्ध रहें।

**34. किसी विज्ञापन एजेंसी में मीडिया प्लानर के कोई दो कार्य सूचीबद्ध कीजिए।**

उत्तर - **मीडिया प्लानर के दो प्रमुख कार्य :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

- बजट के अनुसार सही माध्यम (टीवी, रेडियो, न्यू मीडिया या अखबार) का चुनाव करना।
- विज्ञापन के प्रसारण का सही समय और टाइम-टेबल तय करना।

**35. (i) वेबसाइट के कोई दो कार्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर - वेबसाइट के दो प्रमुख कार्य :**

1. दुनिया भर के लोगों को किसी विषय या संस्था के बारे में 24 घंटे जानकारी देना।
2. ऑनलाइन फॉर्म भरने, खरीदारी (E-commerce) और डिजिटल लेन-देन की सुविधा देना।

**अथवा**

**(ii) नई मीडिया प्रौधोगिकियों ने किस प्रकार सेवा आधारित व्यापार के रास्ते खोले है ? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** नई मीडिया तकनीकों ने सेवा व्यापार को डिजिटल और वैश्विक बना दिया है। इसके प्रमुख बिंदु और उदाहरण निम्नलिखित हैं :

- **वैश्विक पहुँच :** इंटरनेट के माध्यम से सेवाएँ भौगोलिक सीमाओं से मुक्त हो गई हैं। जैसे- ऑनलाइन ट्यूशन द्वारा घर बैठे विदेशों में पढ़ाना।
- **ऑन-डिमांड सेवाएँ :** मोबाइल ऐप्स ने सेवाओं को तुरंत सुलभ बनाया है। जैसे- Uber (कैब बुकिंग) या होम सर्विस।
- **फ्रीलांसिंग :** विशेषज्ञों के लिए स्वतंत्र काम के रास्ते खुले हैं। जैसे- Upwork पर ग्राफिक डिजाइनिंग या कंटेंट राइटिंग की सेवाएँ देना।

**36. (i) मीडिया पेशेवरों को जिन तीन नैतिक सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, उन्हें स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** मीडिया पेशेवरों को निम्नलिखित नैतिक सिद्धांतों का पालन करना चाहिए-

1. **सत्यता :** केवल सही एवं सत्यापित जानकारी ही प्रकाशित या प्रसारित करनी चाहिए।
2. **निष्पक्षता :** किसी व्यक्ति, संस्था या समुदाय के प्रति पक्षपात नहीं करना चाहिए। और सभी पक्षों को समान अवसर देना चाहिए।
3. **उत्तरदायित्व :** समाज के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं करनी चाहिए जिससे समाज में भ्रम या तनाव फैले।

**अथवा**

**(ii) प्रवाह आरेख (फ्लो चार्ट) का उपयोग करके संचार के चैनलों के साथ जनसंचार और उसकी प्रक्रिया को परिभाषित कीजिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** जब किसी संदेश को समाचार-पत्र, रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, इंटरनेट आदि माध्यमों से एक साथ बड़ी संख्या में लोगों तक पहुँचाया जाता है, तो उसे जनसंचार कहते हैं।




**जनसंचार प्रक्रिया की परिभाषा :**

1. **कौन :** यह वह व्यक्ति या संस्था है जो संदेश को तैयार करता है और भेजता है (जैसे- पत्रकार, संपादक, या फिल्म निर्माता)।
2. **क्या कहता है :** वह सूचना या विचार जो संप्रेषक जनता तक पहुँचाना चाहता है।
3. **किस चैनल पर :** यह वह माध्यम है जिसके जरिए संदेश प्रसारित होता है, जैसे- अखबार, रेडियो, टेलीविजन या इंटरनेट।
4. **किससे :** यह वह विशाल जनसमूह या पाठक/दर्शक हैं जो संदेश प्राप्त करते हैं।
5. **किस प्रभाव के साथ :** संदेश का प्राप्तकर्ता पर पड़ने वाला असर, जैसे- ज्ञान में वृद्धि होना, दृष्टिकोण बदलना या मनोरंजन होना।

**37. रेडियो फॉर्मेट के किन्हीं तीन 'उच्चारित शब्द' वाले प्रारूपों को उदाहरण सहित समझाइए।**

**उत्तर - रेडियो फॉर्मेट के किन्हीं तीन 'उच्चारित शब्द' वाले प्रारूप :**

**1. वार्ता :** इस प्रारूप में एक व्यक्ति किसी विषय पर अपने विचार सरल भाषा में श्रोताओं के सामने प्रस्तुत करता है। उदाहरण :"स्वच्छता का महत्व" विषय पर रेडियो वार्ता।

**2. साक्षात्कार :** इसमें एक व्यक्ति प्रश्न पूछता है और दूसरा व्यक्ति उत्तर देता है। इसके माध्यम से किसी विशेषज्ञ, कलाकार या महत्वपूर्ण व्यक्ति की जानकारी श्रोताओं तक पहुँचाई जाती है। उदाहरण : किसान वैज्ञानिक का रेडियो साक्षात्कार।

**3. चर्चा / परिचर्चा :** इस प्रारूप में कई लोग किसी विषय पर अपने विचार रखते हैं और आपस में चर्चा करते हैं। उदाहरण: "ऑनलाइन शिक्षा के लाभ और हानि" विषय पर रेडियो परिचर्चा।

**38. तीन सूचना प्रौद्योगिकी आधारित रेडियो प्रारूपों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से रेडियो के कई आधुनिक प्रारूप विकसित हुए हैं। इनमें से तीन प्रमुख प्रारूप निम्नलिखित हैं -

**1. इंटरनेट रेडियो :** इंटरनेट के माध्यम से रेडियो कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाता है। श्रोता मोबाइल, कंप्यूटर या स्मार्ट टीवी पर दुनिया के किसी भी स्थान से इसे सुन सकते हैं। **उदाहरण :** Gaana Radio, Radio Garden, AIR Live Stream।

**2. पॉडकास्ट :** पॉडकास्ट पहले से रिकॉर्ड किए गए ऑडियो कार्यक्रम होते हैं, जिन्हें श्रोता अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी सुन सकते हैं। **उदाहरण :** Spotify Podcast, Google Podcasts, Hubhopper।

**3. वेब रेडियो / ऑनलाइन रेडियो :** यह केवल इंटरनेट पर उपलब्ध रेडियो सेवा है, जिसमें संगीत, समाचार, शिक्षा और मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं। **उदाहरण :** Radio Mirchi Online, Big FM Online, Red FM Online।

**39. तीन प्रकार के सूचनात्मक टेलीविज़न कार्यक्रमों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - तीन सूचनात्मक टीवी कार्यक्रम :**

**1. समाचार कार्यक्रम :** इन कार्यक्रमों में देश-विदेश की ताज़ा घटनाओं, राजनीति, खेल, मौसम और अन्य महत्वपूर्ण समाचारों की जानकारी दी जाती है। उदाहरण : दूरदर्शन समाचार, DD News, Aaj Tak News Bulletin।

**2. शैक्षिक कार्यक्रम :** इन कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि तथा विभिन्न विषयों का ज्ञान सरल ढंग से दिया जाता है। उदाहरण : PM eVIDYA, SWAYAM Prabha, ज्ञान दर्शन (Gyan Darshan)।

**3. कुकरी शो, खानपान सम्बन्धी कार्यक्रम :** उदाहरण के लिए- खाना खज़ाना, मिर्च मसाला।

**40. 'कन्वर्जेंस' से क्या तात्पर्य है? न्यू मीडिया और कन्वर्जेंस से संबंधित मुद्दों/बहस के किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** कन्वर्जेंस का अर्थ है विभिन्न संचार माध्यमों, तकनीकों और सेवाओं का एक ही डिजिटल मंच पर एक साथ आ जाना। अर्थात, मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, रेडियो, समाचार-पत्र आदि का एक ही उपकरण या प्लेटफ़ॉर्म पर उपयोग किया जाना। **उदाहरण :** आज स्मार्टफ़ोन पर समाचार पढ़े जा सकते हैं, टीवी देखा जा सकता है, रेडियो सुना जा सकता है और सोशल मीडिया का उपयोग भी किया जा सकता है। यह **कन्वर्जेंस** का उदाहरण है।

**न्यू मीडिया और कन्वर्जेंस से संबंधित दो प्रमुख मुद्दे/बहस :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. सूचना की विश्वसनीयता :** न्यू मीडिया पर कोई भी व्यक्ति आसानी से जानकारी साझा कर सकता है। इससे कई बार फर्जी समाचार और भ्रामक जानकारी तेजी से फैल जाती है, जिससे सही और गलत सूचना में अंतर करना कठिन हो जाता है।

**2. गोपनीयता और डेटा सुरक्षा :** डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जाती है। यदि इसका सही ढंग से संरक्षण न किया जाए, तो निजता का उल्लंघन और डेटा के दुरुपयोग का खतरा बढ़ जाता है।

**(वैकल्पिक मॉड्यूल A)**

**41. (i) पारंपरिक माध्यम की किन्हीं तीन हानियों को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर - पारंपरिक माध्यम की तीन हानियों को सूचीबद्ध निम्न है -**

1. **सीमित पहुँच :** पारंपरिक माध्यम का प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित रहता है जहाँ इसका प्रदर्शन किया जा रहा है, जबकि आधुनिक मीडिया (जैसे रेडियो या टीवी) की पहुंच बहुत व्यापक होती है।
2. **संग्रहीत करने में कठिनाई :** पारंपरिक माध्यम के प्रदर्शन को भविष्य के लिए सुरक्षित रखना बहुत कठिन होता है, क्योंकि यह मुख्य रूप से 'लाइव' प्रदर्शन पर आधारित होता है।
3. **सीमित दर्शक वर्ग :** यह माध्यम एक बार में केवल एक सीमित समूह या दर्शक वर्ग तक ही पहुंच पाता है, जबकि मास मीडिया एक साथ लाखों लोगों तक संदेश पहुंचा सकता है।

**अथवा**

**(ii) क्या आप सोचते हैं कि नई तकनीक से प्रेरित मीडिया पारंपरिक मीडिया के लिए जगह सीमित कर रहा है? उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर -** हाँ, नई तकनीक से प्रेरित मीडिया (न्यू मीडिया) ने पारंपरिक मीडिया के लिए काफी हद तक जगह सीमित कर रहा है। आज लोग समाचार, मनोरंजन और जानकारी के लिए इंटरनेट, सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप और ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का अधिक उपयोग करने लगे हैं। इससे पारंपरिक माध्यमों के दर्शक और श्रोता कम हुए हैं।

**उदाहरण :**

- **अखबारों की जगह डिजिटल न्यूज:** लोग अब सुबह के अखबार का इंतजार करने के बजाय अपने स्मार्टफोन पर InShorts, Twitter (X) या News Websites के माध्यम से तुरंत ताज़ा खबरें पढ़ लेते हैं। इससे प्रिंट मीडिया का सर्कुलेशन कम हो रहा है।
- **टेलीविजन की जगह OTT प्लेटफॉर्म्स :** टीवी चैनलों पर निश्चित समय पर आने वाले धारावाहिकों को देखने के बजाय युवा पीढ़ी Netflix, YouTube और Amazon Prime जैसे प्लेटफॉर्म्स पर अपनी मर्जी से कभी भी कंटेंट देखना पसंद करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

- **पारंपरिक विज्ञापनों में कमी :** कंपनियाँ अब महंगे टीवी या अखबार के विज्ञापनों के बजाय Instagram और Facebook पर लक्षित विज्ञापन देने को प्राथमिकता दे रही हैं, जिससे पारंपरिक मीडिया की कमाई का जरिया सिकुड़ रहा है।

**(वैकल्पिक मॉड्यूल B)**

**41. निम्नलिखित में से किसी एक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:**

**(a) खेल पत्रकारिता**

**(b) ग्लैमर फोटो पत्रकारिता**

**(c) स्पॉट न्यूज फोटो पत्रकारिता**

**उत्तर -**

**(a)** यह खेलों (जैसे क्रिकेट, फुटबॉल) के मैचों, स्कोर, रणनीतियों और खिलाड़ियों के इंटरव्यू को अखबार, टीवी या इंटरनेट पर दिखाना और उनकी समीक्षा करना है। **उदाहरण :** क्रिकेट विश्व कप, ओलंपिक और आईपीएल की रिपोर्टिंग।

**(b)** ग्लैमर फोटो पत्रकारिता में फिल्मी सितारों, मॉडल्स, खिलाड़ियों और अन्य प्रसिद्ध लोगों की तस्वीरें लेकर समाचार प्रकाशित किए जाते हैं। लोग इन प्रसिद्ध व्यक्तियों के जीवन, फैशन और गतिविधियों के बारे में जानना पसंद करते हैं। इस प्रकार की फोटोग्राफी करने वाले फोटो पत्रकारों को **पापरैजी (Paparazzi)** कहा जाता है। **उदाहरण :** किसी फिल्म अभिनेता की नई फिल्म के प्रमोशन या फैशन शो की तस्वीरें।

**(c)** स्पॉट न्यूज़ फोटो पत्रकारिता में अचानक होने वाली घटनाओं की मौके पर जाकर तुरंत तस्वीरें ली जाती हैं। इन तस्वीरों के माध्यम से घटना की वास्तविक जानकारी लोगों तक पहुँचाई जाती है। **उदाहरण :** सड़क दुर्घटना, आग लगना, बाढ़ या भूकंप की घटनाओं की तस्वीरें।

**42. (i) निम्नलिखित समाचार मूल्यों में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:**

**(a) निकटता**

**(b) समयबद्धता**

**(c) प्रभाव**

**(d) विवाद**

**उत्तर -**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(a) निकटता :** निकटता का अर्थ है कि जो समाचार पाठकों या दर्शकों के क्षेत्र, शहर या आसपास की जगह से जुड़ा होता है, वह उनके लिए अधिक महत्वपूर्ण होता है। लोग अपने आसपास की घटनाओं में अधिक रुचि लेते हैं। उदाहरण : आपके शहर में नई मेट्रो सेवा शुरू होने का समाचार स्थानीय लोगों के लिए अधिक महत्वपूर्ण होगा।

**(b) समयबद्धता :** समयबद्धता का अर्थ है कि समाचार जितना नया और ताज़ा होगा, उसका महत्व उतना ही अधिक होगा। पुरानी खबरों की तुलना में ताज़ा खबरें अधिक आकर्षित करती हैं। उदाहरण : चुनाव परिणाम या भूकंप की खबर तुरंत प्रसारित करना।

**(c) प्रभाव :** प्रभाव का अर्थ है कि जिस समाचार का असर अधिक लोगों के जीवन पर पड़ता है, वह अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। उदाहरण : पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का समाचार, क्योंकि इसका प्रभाव पूरे देश के लोगों पर पड़ता है।

**(d) विवाद :** विवाद का अर्थ है कि दो पक्षों के बीच मतभेद, संघर्ष या टकराव से जुड़े समाचार लोगों का अधिक ध्यान आकर्षित करते हैं। उदाहरण : दो राजनीतिक दलों के बीच चुनावी विवाद या किसी श्रमिक संगठन की हड़ताल।

**अथवा**

**(ii) लेखन की 'विलोमी स्तूप शैली' से क्या तात्पर्य है? विस्तार से वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** 'विलोमी स्तूप शैली' (Inverted Pyramid Style) समाचार लेखन की सबसे बुनियादी और लोकप्रिय शैली है। इसमें खबरों को उल्टे पिरामिड की तरह लिखा जाता है, जिसका अर्थ है कि सबसे महत्वपूर्ण जानकारी सबसे पहले दी जाती है।

यह शैली तीन मुख्य भागों में विभाजित होती है:

1. **मुखड़ा या इंट्रो:** यह समाचार का पहला पैराग्राफ होता है। इसमें पूरी घटना की सबसे महत्वपूर्ण बात (क्या, कहाँ, कब, कौन) को 1-2 वाक्यों में लिख दिया जाता है, ताकि पाठक शुरुआत में ही मुख्य खबर जान सके।
2. **बॉडी :** इसमें घटना का विस्तृत विवरण, कारण और पृष्ठभूमि (कैसे और क्यों) को घटते हुए महत्व के क्रम में विस्तार से समझाया जाता है।
3. **समापन :** इसके अंतर्गत समाचार के सबसे कम महत्वपूर्ण तथ्यों को लिखकर खबर को समाप्त किया जाता है।

**43. विज्ञापन तैयार करते समय ध्यान में रखने योग्य चार महत्वपूर्ण नैतिक दिशा-निर्देशों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** विज्ञापन एक शक्तिशाली माध्यम है, इसलिए इसे तैयार करते समय नैतिक मानकों का पालन करना अनिवार्य है। चार महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश निम्नलिखित हैं:

1. **सत्यता :** विज्ञापन में किए गए दावे सही, सटीक और तथ्यपूर्ण होने चाहिए। उत्पाद के बारे में कोई भी भ्रामक या झूठा दावा नहीं करना चाहिए।
2. **शालीनता और नैतिकता :** विज्ञापन अश्लील या असभ्य नहीं होने चाहिए। विज्ञापन का कंटेंट ऐसा होना चाहिए जो समाज की नैतिकता और शालीनता के मानदंडों के भीतर हो।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **महिलाओं का सम्मानजनक चित्रण :** विज्ञापन में महिलाओं को कमजोर, निष्क्रिय या आपत्तिजनक रूप में नहीं दिखाना चाहिए। उनका चित्रण गरिमापूर्ण होना चाहिए।
4. **सामाजिक सद्भाव :** विज्ञापन में ऐसा कुछ भी नहीं होना चाहिए जो किसी धर्म, जाति, रंग या समुदाय के खिलाफ हो। विज्ञापन को किसी भी तरह से हिंसा को बढ़ावा नहीं देना चाहिए और समाज में शांति बनाए रखनी चाहिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success